2020

HINDI — HONOURS

Paper : CC-5

(Chhayavadottar Hindi Kavita)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 2×10

(क) दिनकर को किस रचना पर किस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(ख) 'फूल नहीं रंग बोलते हैं' और 'युगधारा' के रचनाकारों के नाम लिखिए।

(ग) 'बंदी सोते हैं, है घर-घर श्वासों का/दिन के दुख का रोना है निश्वासों का' — पंक्तियाँ कहाँ से ली गई हैं और इसके रचनाकार कौन हैं?

(घ) 'खूँटियों पर टंगे लोग' किसकी रचना है? इस काव्य-संग्रह पर उन्हें कौन-सा पुरस्कार मिला था?

(ङ) तार सप्तक का प्रकाशन-वर्ष और उसके संपादक का नाम बताइए।

(च) 'अज्ञेय' के किन्हीं दो काव्य-संग्रह के नाम लिखिए।

(छ) 'हिम किरीटिनी' किसकी रचना है? उनका उपनाम क्या है?

(ज) नागार्जुन ने मैथिली में किस उपनाम से लिखा? उन्हें किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था?

(झ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किस सप्तक के कवि हैं? उनके किसी एक काव्य-संग्रह का नाम लिखिए।

(ञ) 'बदरिया थम-थमकर झर री' और 'कठपुतली' कविता के रचनाकारों के नाम लिखिए।

2. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 10×3

(क) केदारनाथ अग्रवाल की काव्यगत विशेषताओं का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ख) 'रश्मिरथी' के तृतीय सर्ग की मूल-संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'अज्ञेय' प्रयोगधर्मी कवि हैं – इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(घ) नागार्जुन के काव्य में मौजूद व्यंग्य विधान पर चर्चा कीजिए।

(ङ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की जनवादी चेतना को रेखांकित कीजिए।

3. किन्हीं ***तीन*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 3×5

(क) माखनलाल चतुर्वेदी की राष्ट्रीय चेतना पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ख) 'गीत फरोश' कविता का मूल-भाव लिखिए।

(ग) 'भूख' कविता में निहित संघर्ष के सौंदर्य को रेखांकित कीजिए।

(घ) 'शासन की बन्दूक' कविता की मूल-संवेदना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'कलगी बाजरे की' कविता का मूल-भाव लिखिए।